## पीड़ित परिजनों ने लगाए डॉक्टर नहीं डाकू है और फांसी दो के नारे

# जहरीली कफ सिरप कांड

# मुख्य आरोपी प्रवीण सोनी की पत्नी ज्योति सोनी भी गई जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

**तीन दिन की रिमांड ख़त्म होने के बाद कफ सिरप कांड के मुख्य आरोपी डॉ प्रवीण सोनी की पत्नी ज्योति सोनी भी जेल भेजी गई । कोर्ट में पेशी के दौरान पीड़ित परिजन भी मौजूद रहे , जिन्होंने डॉक्टर नहीं डाकू है , आरोपियों को फांसी दो जैसे नारे भी लगाए।**



परासिया में जहरीले सिरप के चलते दो दर्जन से अधिक मासूमों की मौत के मामले की जांच में अब तक 7 लोगों को जेल भेजा जा चुका है । जिनमें मामले से जुडी 7 वीं आरोपी ज्योति सोनी को शुक्रवार को जेल भेजा गया । ज्योति सोनी की 30 अक्टूबर को अग्रिम ज़मानत रद्द हुई थी, जिसके बाद एस आई टी की टीम ने ज्योति सोनी को गिरफ्तार करने के लिए काफी कश्मकश की , आरोपी के परिजनों , कहीं जाकर अपना मेडिकल स्टोर की प्रोपराइटर डॉ प्रवीण सोनी की पत्नी आरोपी ज्योति सोनी पुलिस की गिरफ्त में आई । जिसे पुलिस के द्वारा रिमांड ली गई थी । शुक्रवार को रिमांड का समय पूरा होने पर पुनः ज्योति सोनी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया ।

### रिमांड से क्या लगा हाथ

आरोपी ज्योति सोनी की 3 दिनों रिमांड के दौरान एस आई टी की टीम ने काफी कुछ जानकारी हासिल करने की कोशिश की । पता चला है , की मेडिकल स्टोर का लाइसेंसी सौरभ जैन कभी - कबार ही मेडिकल स्टोर जाता था । मेडिकल स्टोर में शेड्यूल G , H , H1 जैसी दवाइयां जिनका डोज़ थोड़ा भी कम - ज्यादा होने पर मरीज की किडनी फेल होने , लकवा लगने जैसी रिस्क होती है । इन दवाइयों को बेचने पर किस डॉक्टर ने लिखा , किस मरीज को दी गई , ये सब लिखित रिकॉर्ड रखना होता है , पर मेडिकल स्टोर में ऐसा कोई रिकॉर्ड मेंटेन नहीं किया जाता था । मेडिकल स्टोर को आई टी आई वाला संचालित करता था ।

### अब तक ये गिरफ्तार

(1) गोविंदन रंगनाथन (श्रीसन कंपनी तमिलनाडु का मालिक )(2) के माहेश्वरी (श्रीसन कंपनी की कर्मचारी)(3) डॉ प्रवीण सोनी शिशु रोग विशेषज्ञ परासिया ।(4) राजेश सोनी (संचालक न्यू अपना फार्मा एजेंसी)(5) सौरभ जैन (मेडिकल स्टोर का लाइसेंस धारी)(6) सतीश वर्मा (एम आर) मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव)(7) ज्योति सोनी (प्रोपराइटर अपना मेडिकल स्टोर)

## नेत्र शिविर का हुआ बेरडी में आयोजन



**सौंसर।** ग्राम बेरड़ी में सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। मरीजों का नेत्र परीक्षण कर ऑपरेशन की आवश्यकता वाले मरीजों को चिन्हित कर जबलपुर के अस्पताल में मुफ्त ऑपरेशन की व्यवस्था कराई गई। इन सभी को संपूर्ण सुविधा के साथ जबलपुर पर भेजा गया। शिविर आयोजन में सभी ने अपना सहयोग प्रदान किया।राजू खंडाइत,संदीप भक्ते, अमोल गुर्वे,शंकर गुर्वे, दुर्गेश भक्ते, भास्कर रुंघे,बंडू गुर्वे, नवनीत टावरी, तुलसीराम गुर्वे, बृजकिशोर सुधा,रामेश्वर रुंघे,राजू कर्मकार, हेमराज गुर्वे,नंदू गुर्वे और समाजबंधु उपस्थित थे।

### शासकीय गर्ल्स कॉलेज में हुआ सामूहिक गायन

## राष्ट्रगीत के 150वें स्मरणोत्सव का जिले भर में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर देशभर में आज राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" के 150वें स्मरणोत्सव का समारोहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने उत्साहपूर्वक एकत्र होकर राष्ट्रगीत का सम्पूर्ण सामूहिक गायन किया और इसके ऐतिहासिक महत्व तथा राष्ट्रीय गौरव का स्मरण किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर निगम छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहके व श्री शेषराव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, डीआईजी श्री राकेश सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय व सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा मां सरस्वती का पूजन और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर धीरेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल, नगर निगम आयुक्त श्री सी. पी.राय, शासकीय पी.जी.कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वाय.के.शर्मा, गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में युवा एवं विद्यार्थी शामिल हुए। सभी ने गौरव एवं देशभक्ति के भाव से राष्ट्र गीत वंदे मातरम् का संपूर्ण सामूहिक गायन किया।

## 437 मरीजों का परीक्षण कर नि:शुल्क दवाओं का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार हमारे आदिवासी भाई बहनों के स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रख रही है। आदिवासी परिवारों को अपने स्वास्थ्य की जांच कराने ज़्यादा दूर न जाना पड़े इसके लिए सुदूर आंचलिक क्षेत्रों में भी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बनाएं जा रहे हैं। यह बात महापौर विक्रम अहके ने 100 दिवसीय सेवा संकल्प अभियान की श्रृंखला में मैनीखापा मंडल के ग्राम लावाघोघरी में आयोजित 52 वें स्वास्थ्य शिविर में अपने संबोधन के दौरान कही।

शिविर प्रभारी एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केन्द्रित करने का नतीजा यह रहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री ने "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" का नारा देकर पूरे देश में अभियान शुरू किया है, जिसका लाभ महिलाओं को मिला है। शिविर के दौरान कुल 437 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें 209 महिलाओं व बालिकाओं और 228 पुरूषों व बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया वही 05 मरीजों को चिला चिकित्यालय छिन्दवाड़ा रेफर किया गया।

## फर्जी अंकसूची लगाकर लिया प्रमोशन, वेकोली ने अब किया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




वेस्टर्न कोल्फिलड्स लिमिटेड (वेकोली ) पाथाखेड़ा में माइनिंग सरदार के पद पर कार्यरत एक कामगार को प्रबंधन ने डिसमिस (बर्खास्त) कर दिया है । कामगार पर फर्जी अंकसूचि लगाकर प्रमोशन लेने का आरोप था । प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रमोद सिंह माइनिंग सरदार के खिलाफ प्रमोशन लेने के लिए कक्षा दसवीं और बाहरवी की फर्जी अंकसूची लगाई गई है । जिसको लेकर पाथाखेड़ा प्रबंधन के द्वारा प्रमोद सिंह को जुलाई 2022 में आरोप पत्र जारी कर जांच कमेटी बनाई गई । जांच के दौरान कामगार को दो बार स्पष्टीकरण देने का मौका दिया गया , लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कामगार को डिसमिस कर 4 नवम्बर को आदेश जारी कर दिया गया। गौरतलब है कि लगभग 20 वर्ष पूर्व पेंच - कन्हान कोयला क्षेत्र में 40 कामगारों को फर्जी दस्तावेज लगाने के चलते बर्खास्त किया गया था , लेकिन राजनैतिक दबाव के चलते 1 साल बाद सभी को बहाल कर दिया गया था । सूत्र बताते हैं , कि प्रबंधन यदि गंभीरता से इस दिशा में जांच करे तो अब भी ऐसे कई मामले सामने आ सकते हैं ।

## डेम में डूबने से हुई बालक की मौत

**दमुआ।** दमुआ स्थित खेडापति माताा मंदिर के पीछे विर्सजन घाट डेम में रविवार दोपहर के समय नहाते वक्त एक बालक पानी में डूब गया मौके पर मौजूद उसके दोस्त ने बचाने का प्रयास भी किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लेते हुए बताया कि दमुआ वार्ड न. 7 निवासी 15 वर्षीय तामसिंग उर्फ ओम पिता श्यामसिंग राजपूत अपने दोस्त जतिन पंण्डोले के साथ खेडापति माता मंदिर के पीछे विर्सजन घाट डेम में नहाने गया था नहाते वक्त ओम गहरे पानी में चला गया था दोस्त को पानी में डूबता देख जतिन ने उसे बचाने का प्रयास किया था लेकिन पानी की गहराई अधिक होने की वजह से वह सफल नही हो सका जतिन ने मदद के लिए लोगो आवाज भी लगाई लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी तथा बालक की मौत हो चुकी थी। पुलिस द्वारा शव का पी.एम. कराकर शव को परिजनों का सौंप दिया।

## रिघोरा हनुमान मंदिर में हुआ काकड़ आरती महोतसव



**सौंसर।** रिघोरा हनुमान मंदिर में दो दिवसीय दिंडी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान काकड़ आरती दहीलाई काल्याचे कीर्तन आदि धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या ग्राम के अलावा अन्य ग्रामों से आकर भक्तों ने कार्यक्रम का पुण्य लाभ लिया। हरिभक्त परायण हरिश्चंद्र महाराज वंजारी ने काल्याची कीर्तन में प्रवचन देते हुए भगवान के विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए एक दूसरे की सेवा करने माता-पिता की मदद करने और ईश्वर के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की बात कही।आयोजन में सर्व प्रथम अजय चौरे निवास पर श्री महाराज जी का स्वागत सत्कार हुआ उसके पश्चात कीर्तन काकड़ा दही लाही कार्यक्रम भव्य भंडारा के आयोजन हुआ,इस दौरान आयोजन क्षेत्र के पूर्व विधायक अजय चौरे अशोक पटेल चौधरी,कैलाश पटेल चौधरी,राजेश गोयदानी,डॉ राजेद्र यमड़े,सुनील भांगे,बंडू बेंडे, बलवंत फोले दिनेश लाड़से आदि थे।समापन अवसर पर हुए महाप्रसाद वितरण में बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

## प्रदेश सचिव बाथव ने अस्पताल में दिव्यांग सुविधाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आज दिव्यांग एकता एवं कल्याण मंच के प्रदेश सचिव अरविंद कुमार बाथव ने शासकीय जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, साथ में जिला अध्यक्ष शरद कुशवाहा भी थे। निरीक्षण के दौरान ओपीडी में दिव्यांग खिड़की पर सामान्य जनता की भीड़ नजर आई जिससे दिव्यांग परेशान हो रहे थे जबकि दिव्यांग ओपीडी खिड़की पर सिर्फ सीनियर सिटीजन और दिव्यांग जनों हेतु पर्ची बनाने के सख्त निर्देश हैं। इसके अलावा दिव्यांग खिड़की के बाहरी फर्श की पैवर ब्लाक उखड़ी होने से कई दिव्यांग गिरने की शिकायत आई। प्रदेश सचिव ने तत्काल आर एम ओ को जानकारी देकर सिविल सर्जन सुशील दुबे से मुलाकात की और मेडिकल बोर्ड में दिव्यांग जनों से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की।

सिविल सर्जन दुबे ने तुरंत अधिनस्थ कर्मचारियों को उक्त समस्याओं को दूर करने निर्देश जारी किए। चर्चा के दौरान अस्थि रोग विशेषज्ञ रवि टांडेकर व अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान मेडिकल सर्टिफिकेट व यूडी आई डी कार्ड संबंधी जानकारी भी प्रदेश सचिव ने ली और मेडिकल परीक्षण हेतु आए कई दिव्यांग जनों को मार्गदर्शन भी दिया।

## पौनार के किसान साहू ने की चिया सीड की खेती

### पथरीली जमीन में भी उग रही उम्मीदों की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



पथरीली जमीन को भी उपजाऊ बना देने वाले जज़्बे की कहानी है जिले के विकासखण्ड अमरवाड़ा के ग्राम पौनार के प्रगतिशील किसान श्री सुनील साहू की। नवाचार की भावना और कृषि विज्ञान केंद्र से मिली तकनीकी जानकारी के बल पर उन्होंने 18 एकड़ पथरीली भूमि में चिया सीड की खेती का सफल प्रयोग किया है, जिसे किसान 'काला सोना' कहकर गर्व से पुकार रहे हैं।

किसान श्री साहू ने बताया कि उन्होंने लगभग एक वर्ष पूर्व चिया सीड की तकनीकी जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र, छिन्दवाड़ा से प्राप्त की थी और पहली बार इसे व्यावसायिक रूप में अपनाया। उन्होंने 1 अगस्त को बुवाई की, जिसमें प्रति एकड़ एक किलो बीज का उपयोग हुआ। पथरीली भूमि में भी यह फसल शानदार ढंग से तैयार हो रही है और एक एकड़ से तीन से चार क्विंटल उत्पादन मिलने की संभावना है। इससे किसानों को प्रति एकड़ लगभग 50 हजार रुपये तक की आमदनी होने की उम्मीद है।

***जिसके इरादों में दम होता है,***
***पत्थर भी रास्ता देते हैं,***
***जुनून हो खेती आगे बढ़ाने का,***
***तो सूखे खेत भी सोना उगाते हैं।***

चिया सीड को सुपरफूड कहा जाता है, क्योंकि यह फाइबर, प्रोटीन, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इसके सेवन से पाचन शक्ति में सुधार, वजन नियंत्रण, हृदय स्वास्थ्य में वृद्धि और रक्त शर्करा के स्तर को संतुलित बनाए रखने में मदद मिलती है। यही नहीं, यह हड्डियों और त्वचा के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है।

श्री साहू का कहना है कि चिया की खेती में न खाद की जरूरत पड़ती है, न दवा की, और सबसे खास बात — जानवर भी इस फसल को नहीं खाते, जिससे किसानों को नुकसान का खतरा नहीं रहता। यह फसल उन जमीनों पर भी संभव है जहाँ मक्का या कोदो-कुटकी जैसी फसलें भी ठीक से नहीं हो पातीं। यह प्रयोग अब अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहा है। श्री साहू ने दिखाया है कि यदि इच्छाशक्ति और तकनीक का सही मेल हो, तो पथरीली जमीन भी उपजाऊ बन सकती है। आज उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र चंदनगांव डॉ. डी.के. श्रीवास्तव सहित कृषि विभाग की टीम ने ग्राम पौनार पहुँचकर श्री सुनील साहू के खेत का निरीक्षण किया।

## देशी पिस्टल और जिंदा राउंड के साथ पकड़ाए दो आरोपी

### एक आरोपी ने पिस्टल खरीदने के पहले सुनसान जगह पर किया था फायर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

देहात थाना पुलिस ने देशी पिस्टल और जिंदा राउंड के साथ दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी देहात निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत ने पुलिस टीम गठित कर छिन्दवाड़ा शहर में बढ़ रही अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान के तहत अपने मुखबीर तंत्र के आधार पर लगातार धर पकड की जा रही थी।

**घटना का सक्षिप्त विवरण-** थाना प्रभारी देहात एवं उनके अधीनस्थ स्टाफ को दिनांक 07/11/25 को सूचना प्राप्त हुई। कि मोहननगर का रहने वाला प्रिंस उर्फ विकास पिता स्व. बालराम बाधवानी मोहरली रोड के पास में अपने पास मे रखी पिस्टल और उसका कारतूस (राउंड) को बेचने का सौदा करने का प्रयास कर रहा है ग्राहक तलाश कर रहा है जो तत्काल देहात पुलिस ने दविश देकर प्रिंश उर्फ विकास बाधवानी के कब्जे से एक देशी पिस्टल एवं एक जिंदा राउंड जप्त किया पूछताछ पर आरोपी द्वारा बताया गया ताज नगर के रहने वाले दानिश अली ने कुछ माह पहले 30,000/-रूपये में यह देशी पिस्टल और एक राउंड प्रिंश बाधवानी को दिया था।

इसके साथ ही पूछताछ पर दानिश अली द्वारा बताया गया कि यह देशी पिस्टल और दो राउंड उसने चिल्हा बाबा के दरगाह के पास किसी व्यापारी से खरीदा था। एक राउंड उसने कुलबेहरा नदी के पास पिस्टल से फायर भी किया था। जो देहात पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्र. 512/25 धारा 25 (1-क,क), 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार शुदा दोनों आरोपी में से प्रिंश उर्फ विकास बाधवानी के विरूद्ध शहर के अलग अलग थानों में बलात्कार, मारपीट, शराब तस्करी, आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामले दर्ज है। साथ ही दानिश अली के विरूद्ध चेक बाउंस के मामले न्यायालय में लंबित है। पिस्टल और राउंड बेचने वाले व्यापारी की धडपकड के लिए पुलिस टीमें रवाना है। जो संभावित स्थानों पर दविश दे रही है।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

सैय्यद दानिश अली पिता सैय्यद सोहेब अली उम्र 27 साल निवासी ताजनगर थाना देहात

प्रिंस उर्फ विकास पिता स्व. बालराम बाधवानी उम्र 35 साल निवासी मोहन नगर थाना कोतवाली

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

निरी. गोविंद सिंह राजपूत, सउनि. संदीप सिंह राजपूत, प्र.आर. 801 मंगलसिंह, आरक्षक 779 सौरभ बघेल, आर. 414 बृजेश पाल, सायबर सेल से प्रआर. 811 नितिन, आर. 842 आदित्य की विशेष भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टीम को पुरस्कृत की जाने की घोषणा की गई है।

### मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी छिंदवाड़ा विधानसभा अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला को किया संबोधित

## मतदाता सूची को त्रुटि रहित, शुद्ध व पारदर्शी बनाने की प्रक्रिया है एसआईआर: शेषराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की अध्यक्षता एवं महापौर विक्रम अहाके तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना की विशेष उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शुक्रवार को छिंदवाड़ा विधानसभा अंतर्गत मंडल स्तरीय मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यशाला हेतु अलकेश लाम्बा को जिला संयोजक एवं धर्मेन्द्र मिगलानी को छिंदवाड़ा विधानसभा संयोजक नियुक्त किया गया है । इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व नगर पालिक निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिगलानी एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने छिंदवाड़ा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों की कार्यशाला को संबोधित किया । मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, नवीन बारसकर, ओम पटेल, रमाकांत पटेल की उपस्थिति में आयोजित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुदृढ़ संचालन के लिए जागरूक और जिम्मेदार मतदाता अत्यंत आवश्यक हैं एवं उनकी सक्रिय भागीदारी से ही सही और सक्षम सरकार का गठन संभव हो पाता है तथा देश की नीतियाँ जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप बनती हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग ईमानदारी, समझदारी और राष्ट्रहित की भावना से करते हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत और सशक्त बनता है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची में अवांछित नाम शामिल होकर मतदान करते हैं, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर पड़ती है, इसी उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया संचालित की जा रही है, ताकि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जा सके।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया भले ही निर्वाचन आयोग के स्तर पर चल रही हो, किंतु यह संगठन के लिए भी महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पूरी तत्परता, सक्रियता और समन्वय के साथ जुटना होगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों और संगठनात्मक एकजुटता से हम केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

## शासकीय महाविद्यालय दमुआ में अखिल भारतीय कालीदास समारोह अंतर्गत काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

# महाकवि कालीदास की कृतियाँ भारतीय साहित्य की आत्मा हैं: प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय दमुआ के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय कालीदास समारोह के अंतर्गत अंतर्महाविद्यालयीन कालीदास काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत साहित्य के प्रति रुचि तथा महाकवि कालीदास की रचनाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति की गरिमा का प्रसार करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि "महाकवि कालीदास की कृतियाँ भारतीय साहित्य की आत्मा हैं, जो आज भी समाज को नैतिकता, प्रेम और सौंदर्यबोध का संदेश देती हैं।"प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र छात्राओं ने मेघदूत, अभिज्ञान शाकुंतलम, रघुवंशम् तथा कालीदास की अमर कृति मालविकाग्निमित्रम् से भावपूर्ण काव्य-पाठ प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान मालविकाग्निमित्रम् से यह प्रसिद्ध श्लोक भी उद्धृत किया गया। "विद्यां ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम्।पात्रत्वात धनमाप्नोति, धनात धर्मं ततः सुखम। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिरुचि, अभिव्यक्ति कौशल एवं संस्कृत काव्य की परंपरा के प्रति सम्मान भाव विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रही।कार्यक्रम का संयोजन डॉ पुष्पा मौर्य ने किया। समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

## बिछुआ तहसील में वंदे मातरम गीत का हुआ गायन



**बिछुआ।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर बिछुआ तहसील प्रांगण में शुक्रवार को वंदे मातरम गीत का गायन सामूहिक रूप से किया गया।इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गणों ने एक साथ राष्ट्रगीत का गायन किया।इस दौरान मुख्य रूप से जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,तहसीलदार अमित कुमार रिनायेहते,जनपद सीईओ गौरव तिवारी समेत पटवारी गण एवं स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी व्यंजनों की लगाई गई प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज यहां जनपद पंचायत परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर व्यंजनों की प्रदर्शन आयोजित की गई। यह प्रदर्शनी आदिवासियों के परंपरागत खाद्य पदार्थों को लेकर रही। इसमें महुआ के लड्डू, बाजरा एवं मक्का की रोटी, कौदो कुटकी आदि से बने व्यंजनों का लोगों ने लुत्फ उठाया।

इस प्रदर्शनी में आजीविका मिशन पांढुर्णा के साईराम स्वसहायता समूह, भारत माता स्वसहायता समूह पारडी, अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास पांढुर्णा, अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास पांढुर्णा, अनुसूचित जनजाति छात्रावास नांदनवाडी तथा आदिवासी आश्रम गायखुरी द्वारा प्रदर्शनी में स्टॉल लगाए गए। प्रदर्शनी में अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणी अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर नेहा सोनी, मेघा शर्मा, एसडीएम अलका एक्का, सौंसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर, जनपद सीईओ बंदु सूर्यवंशी तथा ब्लॉक समन्वयक चंद्रशेखर ढोने ने निरीक्षण कर अधिकाधिक व्यंजनों का स्वाद लिया। इस प्रदर्शनी में एनआरएलएम विभाग तथा जनजाति विभाग से कुमरे और स्वसहायता समूह के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री शिव मंदिर छोटा तालाब सुभाष पार्क छिंदवाड़ा की तत्वाधान में दो दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया ।आयोजन समिति के सेवादार संजय साहू ने बताया कि इन दो दिवसीय शिविर में विभिन्न कार्यक्रम के तहत ,पूजा अर्चना, धार्मिक प्रश्नोत्तरी इस्कॉन इंटरनेशनल संस्था की छिंदवाड़ा शाखा द्वारा हरि कीर्तन ,समिति द्वारा धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन ,नगर निगम सफाई मित्रों का सम्मान, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा श्री श्री भवानी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम की प्रथम दिवस नगर निगम के महापौर श्री विक्रम आहके एवं पार्षद गरिमा प्रतीक दामोदर ,मनोज सक्सेना द्वारा सफाई मित्रों का शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया । महापौर विक्रम अहाके ने संबोधित करते हुए कहा कि इस आस्था के केंद्र को संरक्षित कर यहां आयोजित होने वाले धार्मिक त्योहारों को गरिमामई रूप में मनाकर इस धरोहर को संरक्षित करें। कार्यक्रम उपरांत महापौर एवं समस्त अतिथियों द्वारा दीपदान भी किया गया ,,श्री शिव मंदिर समिति के द्वारा इस दो दिवसीय कार्यक्रम की सराहना करते हुए महापौर जी के हस्ते शिव मंदिर सेवादारों एवं सफाई मित्रों को शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र लेकर सम्मानित किए गए एवं समिति की सराहना की गई ।

धार्मिक प्रश्नोत्तरी का सही उत्तर देने पर तुरंत उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम के दूसरे दिवस विवांता अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, तथा समिति द्वारा लड्डू गोपाल जी के लिए हस्त निर्मित 70 सिंहासन का वितरण ,एवं श्री श्री भवानी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में दोनों दिवस प्रसादी का वितरण किया गया आयोजन को सफल बनाने में सेवादार मंगू माहोरे, प्रहलाद विश्वकर्मा, राम उसेरेठे , श्यामल राव ,अरुण शर्मा, श्रीमती अंजना राजकुमार जायसवाल, प्रतीक दामोदर, का सराहनीय सहयोग रहा

# शिक्षक निर्वाचन कार्य में व्यस्त, शिक्षा पर ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन पांढुर्णा ने कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगाए जाने के उत्पन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र के अधिकांश शिक्षकों को वर्तमान में निर्वाचन आयोग के एसआयआर अभियान में बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया है। इस विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक मतदाता सूची का सत्यापन, संशोधन और सर्वेक्षण संपन्न कराया जाना है। इस अभियान में अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगी होने के कारण शिक्षकों का सारा समय इसी कार्य में जा रहा है।

ऐसे में शालाओं में छात्र छात्राओं का अध्यापन कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। ज्ञात हो कि पांढुर्णा क्षेत्र में लगभग 22000 विद्यालय एकल शिक्षक शालाएं है जहां की स्थिति काफी चिंताजनक हो गई है। इस प्रकार शालाओं में शिक्षकों के अभाव में शैक्षणिक गतिविधियां लगभग ठप हो चुकी है।



## केवटे बने अधिवक्ता संघ पांढुर्णा अध्यक्ष

**पांढुर्णा ।** अधिवक्ता संघ चुनाव उपरांत विजय केवटे संघ के अध्यक्ष चुने गए। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी विजय केवटे संघ के अध्यक्ष रह चुके है। इसके अलावा उपाध्यक्ष के रूप में अनील सोनी एवं परसराम कडवे, सचिव पद पर अंजुम मैडम, सहसचिव शैलेष भगत, कोषाध्यक्ष प्रमोद ढोके तथा ग्रंथपाल के पद पर प्रभु मोहबे विजई रहे।

### समाज की प्रगति शिक्षा, संस्कार, संस्कृति पर निर्भर करती है - समाजसेवी रवीना जितेंद्र गौतम

## मंगलेगांव में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मंगलेगांव में 5 नवंबर को सार्वजनिक श्री राधा कृष्ण समिती के तत्वावधान में सिख धर्म के संस्थापक गुरुनानक जी देव की जयंति एंव कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ग्राम में रात्री में जागृति एंव दिप प्रज्वलित उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता व समाजसेवी रवीना जितेंद्र गौतम एंव भीमप्रकाश बोरकर शामिल हुए । इस दौरान समाजसेवी रवीना जितेंद्र गौतम अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती एंव कार्तिक पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। यह दिन हमें आत्मशुद्धि, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण की भावना को जाग्रत करने का अवसर देता है।रविना जितेन्द्र गौतम ने कहा की एक समाजसेवी के नाते, मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति उसके शिक्षा, संस्कार और संस्कृति की नींव पर निर्भर करती है। शिक्षा वह प्रकाश है जो अज्ञान के अंधकार को दूर करता है। कार्तिक पूर्णिमा पर किया जाने वाला दीपदान हमें यह संदेश देता है कि हमें स्वयं को शिक्षित कर उस ज्ञान के प्रकाश को समाज के हर कोने तक फैलाना चाहिए, ताकि कोई भी अंधकार में न रहे। शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक



है। उन्होंनो कहा की संस्कार ही हमें एक अच्छा इंसान बनाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करना आत्मशुद्धि का प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि हमें अपने विचारों और कर्मों को शुद्ध रखना चाहिए और मानवता के मूल्यों को अपनाना चाहिए। आगे कहा की हमारी संस्कृति हमारी पहचान है, जो हमें एकता, प्रेम और सद्भाव का पाठ पढ़ाती है। गुरु नानक देव जी के मानवता और एकता के संदेश और इस दिन होने वाले मेलों की परंपराएं हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती हैं। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।इस पवित्र अवसर पर, आइए हम सब मिलकर यह प्रण लें कि हम समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए काम करेंगे, अपनी युवा पीढ़ी में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण करेंगे, और अपनी समृद्ध संस्कृति को संरक्षित रखेंगे।जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और धन का दान करना समाज सेवा का एक रूप है।इस दौरान कार्यक्रम में ग्रामवासी सहित सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ग्राम धानीटोला, खरखड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक पटेल

## 3100 का वादा नहीं हुआ पूरा, सरकार को सद्बुद्धि दे भगवान-विवेक पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** कई वर्षों से ग्राम धानीटोला में यह मेला होते आ रहा है, कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन यहां मेला का आयोजन किया जाता है, मै भी कई वर्षो से यहां आ रहा हूॅ। मंडई हमें एक दूसरे से मिलाती हैं, गाँव की पहचान मंडई मेले से होती हैं, मेला खुशी मनाने का पर्व होता है। सुख दुःख तो हमारे जीवन में आते रहते हैं। इस वर्ष बारिश भी अच्छी हुई है और किसानों की फसल भी अच्छी हुई है। मगर भाजपा सरकार द्वारा 3100 रुपये का वादा अभी तक पूरा नहीं किया गया। हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र हैं, हम फसल लगाते है और अपना जीवन यापन करते हैं।

इस आशय के उद्गार वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्राम धानीटोला और खरखड़ी में मंडई के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। ग्राम धानीटोला पहुँचने पर विधायक विवेक पटेल का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद विधायक पटेल ने फीता काटकर सांस्कृतिक लोक नृत्य कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

ना 3100 का वादा हुआ पूरा, ना ही महिलाओं को मिला 500 रुपये में गैस सिलेंडर-विवेक पटेल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विवेक पटेल ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब डीजल- पेट्रोल का रेट 50 रूपये लीटर था, महिलाओं को गैस सिलेंडर 500 रूपये में मिलता था।



मगर अब महॅगाई चरम पर पहुँच चुकी हैं, अब भाजपा का कोई नेता महॅगाई को लेकर सडक़ पर नहीं उतरता हैं। उन्हें महॅगाई नहीं दिखाई दे रही हैं। चुनाव के पूर्व भाजपा के जनप्रतिनिधियो ने घर-घर जाकर किसानों से वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही हम किसानों की धान को 3100 रूपये में खरीदेंगे, अब वे अपना वादा भूल गए हैं। इस वर्ष फसल अच्छी हुई थी, मगर फसल में करपा और कीटनाशक बीमारियॉ लग गई है। अचानक हुई बारिश ने भी फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया हैं। सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं हैं, अभी तक सर्वे शुरू नहीं हुआ है। हमारा किसान कर्ज लेकर खेती करता है और वहीं मुनाफे से अपने परिवार का जीवन यापन और बच्चों को पढ़ाता हैं। सरकार से मांग करते हैं कि अपने वादों को पूरा करे और किसानों की नष्ट हुई फसलों का सर्वे करवाकर उन्हें जल्द मुआवजा राशि प्रदान करे।

## रिटायर्ड शिक्षक का निधन, शोक की लहर, स्वर्गीय खेमराज उर्कुड़े को श्रद्धांजलि



**लांजी।** मोहझरी निवासी स्वर्गीय खेमराज उर्कुड़े (86 वर्ष) का 7 नवंबर को सुबह 10 बजे हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्रों और 3 पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार 8 नवंबर दोपहर 12 बजे स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। उनके निधन पर समाज के परिजनों, नाते रिश्तेदारों और इष्ट मित्रों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है। स्वर्गीय खेमराज उर्कुड़े एक रिटायर्ड शिक्षक थे और उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा।

## राष्ट्रीय वेबिनार एवं कार्यशाला का शुभारंभ "वोकल फॉर लोकल" थीम पर सार्थक विमर्श



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय, किरनापुर एवं ग्राम पंचायत आमगांव के संयुक्त तत्वावधान में "ब्लेंडेड मोड" में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला सह राष्ट्रीय वेबिनार के प्रथम दिवस का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का विषय था — "वोकल फॉर लोकलः आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम।"

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पद्मश्री सम्मानित श्रीमती फूलबासन बाई यादव, समाजसेवी एवं संस्थापक माँ बमलेश्वरी स्व सहायता समूह, राजनांदगांव (छ.ग.), ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि "स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर ही हम आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं।" उन्होंने ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता के उदाहरण साझा करते हुए "वोकल फॉर लोकल" के सामाजिक एवं मानवीय पक्ष पर प्रकाश डाला। श्रीमती फूलबासन बाई यादव जी ने अपने व्यक्तिगत संघर्षों, जीवन यात्रा तथा समाज में कार्य करते समय सामने आई विविध चुनौतियों को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से साझा किया। उनके अनुभवों और प्रेरणादायक प्रसंगों को सुनकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोता भावविभोर एवं प्रेरित हो उठे। उनके शब्दों ने आत्मनिर्भरता, नारीशक्ति और सामाजिक समर्पण की भावना को और अधिक दृढ़ किया।

द्वितीय मुख्य वक्ता माननीय श्री राजकुमार कर्राहे, विधायक लांजी–किरनापुर, ने अपने उद्बोधन में स्वदेशी उत्पादों, पारंपरिक कला, स्थानीय हस्तशिल्प एवं कलाकृतियों को वैश्विक बाजार तक पहुँचाने के व्यावहारिक उपायों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर उत्पादन, नवाचार एवं विपणन को प्रोत्साहन देकर ही भारत आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने "हथकरघा, शिल्प एवं लोककलाएँ (बालाघाट के विशेष संदर्भ में)" विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि बालाघाट जिला अपनी समृद्ध प्राकृतिक, सांस्कृतिक और कलात्मक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है।

### हमें गर्व है की हम पनिका जाति के है - आर. राजा

## पनिका समाज में पनिका जाति लिखने का विरोध करने वाले को समाज ने खदेड़ा


**हरिभूमि न्यूज बैहर।** भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है, यहां सभी समुदाय को अपने अपने धर्म, रीति रिवाज और परंपरा को मानने की आजादी है, लेकिन विगत कुछ वर्षों से कन्वर्जेशन एक बड़ी समस्या बनते जा रही है, जिसका शिकार भोली भाली, और सात्विक खानपान सरल स्वभाव के पनिका जाति हो रहे है। जी हां बात कर रहे है हम मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की पनिका जाति की जिन से सरकार ने भी सौतेला व्यवहार किया है। कुछ जिलों पर एस टी और कुछ जिलों पर ओ बी सी का दर्जा देकर भेदभाव पैदा कर दिया है। वहीं दूसरी ओर कुछ धर्म के ठेकेदार भी इस भोली भाली जाति के लोगों को कबीरपंथ बोलकर पनिका जाति लिखे जाने का विरोध कर रहे है। जिस पर पनिका समाज के जागरुग लोगो में काफी आक्रोश देखने मिल रहा है।

**दामाखेड़ा से चुनाव कराने आए महंतो को खदेड़ा:** मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में पनिका जाति के लगभग 35 हजार की जनसंख्या आंकी गई है, जो अपने आप में बड़ी जनसंख्या है, जो अपने सरल और सात्विक खानपान के लिए जाने जाते है, लेकिन कुछ अन्य समाज के कबीरपंथ होने का ढोंग कर पनिका जाति को बांटने की कोशिश कर रहे है, और पनिका जाति लिखने की मनाही करते है। जिससे पनिका जाति के लोग मुख्य धारा से भटकते नजर आ रहे है, इसी तरह दिनांक 5 नवंबर 2025 को दामाखेड़ा छत्तीसगढ़ से अन्य समाज के महंत जो अपने आप को कबीरपंथ बताकर बैहर आए थे, जो अपना नाम राम बाबू पंथ, और सतीश बोरिकर दामाखेड़ा के पंथ श्री प्रकाशमुनिनाम साहेब व उदितमुनिनाम साहेब के आदेश से चुनाव कराने का उद्देश्य होना स्वीकार किया गया। जिनकी मंशा थी की यहां सामाजिक चुनाव कराकर अपनी मोनोपल्ली के डी वी मिशन के नाम से चलाना था, लेकिन पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष आर. राजा सोनवाने ने उनकी ये मंशा सफल नहीं होने दिया, इस तरह पनिका समाज बैहर के द्वारा विरोध करने पर दामाखेड़ा से आए ढोंगी पंथों को रातों रात भागना पड़ा।

**धर्म परिवर्तन मामले पर थाने में शिकायत दर्ज:** विगत कई वर्षों से मध्यप्रदेश के बालाघाट जिला में पनिका जाति को पंथ बनाने का खेल बखूबी चल रहा है, जिसको लेकर पनिका समाज के अध्यक्ष ने बताया कि, पनिका समाज के कुछ महंत और समाज में पैदा कर रहे अराजकता और संकीर्ण सोच के लोग कबीरपंथो की बातों में आकर पनिका जाति लिखे जाने का विरोध करते नजर आ रहे है। ऐसे ही महंत अतीत दास संत ग्राम बोदा, अंतूदास मूरचुले ग्राम कटंगी और आपराधिक प्रवृत्ति का बिहारी दास मूरचुले ग्राम कटंगी निवासी जो अन्य समाज के महंतो को बुलाकर बैहर में चुनाव करके पनिका जाती को बांटने की मंशा से आए हुवे थे, जिनके विरुद्ध पनिका समाज के अध्यक्ष श्री सोनवाने और उनकी समस्त टीम के द्वारा बैहर थाने में धर्म परिवर्तन को लेकर शिकायत दर्ज कराई है।

### हमें गर्व है, की हम पनिका जाति के है - आर. राजा

बालाघाट जिले की बैहर तहसील में निवास कर रहे समाजसेवी एवं मानिकपुरी



पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष श्री सोनवाने ने विरोध जताते हुवे कहा है की, हमारा भारत धर्म निरपेक्ष देश है, यहां सभी समुदाय के लोगों को अपनी अपनी रीति रिवाज और परंपरा के अनुसार चलने की संवैधानिक आजादी है, यदि कोई अन्य समाज का व्यक्ति विशेष या धर्म के ठेकेदार आकर पनिका समाज को बांटने या पनिका जाति का विरोध करता है, तो ऐसे लोगों के विरुद्ध समाज एकजुट होकर कानूनी कार्यवाही के लिए बाध्य होगा, हमको हमारी पनिका जाति पर गर्व है, जिसकी रक्षा के लिए हमको किसी भी न्यायिक स्तर पर जाना भी पड़े तो हम जायेंगे, साथ ही बालाघाट जिले में निवास कर रहे पनिका समाज के महंत देवान व अन्य लोगों से अपील की है की, आप लोग अन्य समाज के इशारों पर नाचना बंद करे ,और पनिका समाज में वापस लौट आओ , क्योंकि हम पनिका समाज के वंशज है, और हमें पनिका समाज पर गर्व है।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन एवं स्पर्श पेंशन कार्यक्रम 11 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं तथा आश्रितों के लिए मासिक सैनिक सम्मेलन एवं स्पर्श पेंशन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 11 नवम्बर 2025 को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आई.सी.आई.सी.आई. बैंक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवनी के सहयोग से आयोजित होगा। यह सम्मेलन सुबह 11 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सिवनी, भवन परिसर, इंद्रहंस नगर फेस-2, प्लॉट नं. 33, हाउस नं. 1297, ज्यारत नाका, अकबर वार्ड, सिवनी (म.प्र.) में संपन्न होगा। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं पेंशन संबंधी विषयों पर चर्चा करें। उपस्थित जन अपनी समस्याओं का निराकरण जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास (से नि) से प्रत्यक्ष वार्तालाप के माध्यम से कर सकेंगे।

### 10 दिवसीय मेला का आयोजन आज से

**केवलारी** - हिर्री नदी एवं पतित पावन वैनगंगा नदी के पावन संगम स्थल हिर्री संगम में प्रति वर्ष 10 दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है। क्षेत्र का सबसे विशालतम मेले की नीलामी जनपद पंचायत केवलारी द्वारा की जाती दिनांक 3 नवंबर को मेला बैठकी और साइकिल स्टैंड नीलामी में उच्चतम बोली लगाकर राजकुमार बघेल उर्फ लड़ाकू बघेल ने 4 लाख 75 हजार की बोली लगाकर ठेका प्राप्त किया। जनपद पंचायत केवलारी के द्वारा घोषित मेला की तिथि के अनुसार दिनांक 8 नवंबर 2025 से 17 नवंबर 2025 तक मेले का आयोजन होगा।

### रेडक्रॉस का निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न

**सिवनी के पूर्व आईएएस डॉ. श्याम सिंह कुमरे बने चेयरमैन**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा का निर्वाचन गुरुवार 6 नवंबर 2025 को निर्विरोध सम्पन्न हुआ। यह निर्वाचन कलेक्टर जिला भोपाल एवं निर्वाचन अधिकारी के तत्वाधान में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा समिति नियम 2017 के प्रावधानों तथा माननीय राज्यपाल महोदय के निर्देशों एवं अनुमोदन के अनुसार कराया गया। रेडक्रॉस के जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदेश की 47 जिला शाखाओं से निर्वाचित जिला प्रतिनिधियों के नाम प्राप्त होने के बाद राज्य स्तरीय पदों के लिए निर्धारित समय-सारणी के अनुसार नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। नामांकन प्रक्रिया के दौरान चेयरमैन पद के लिए सिवनी के डॉ. श्याम सिंह कुमरे (पूर्व आईएएस), वाइस चेयरमैन पद के लिए रतलाम के मनीष रावल तथा मानसेवी कोषाध्यक्ष पद के लिए बेतुल के दीपेश मेहता ने नामांकन दाखिल किया। निर्धारित अवधि में अन्य कोई प्रत्याशी नामांकन नहीं दाखिल करने से तीनों पदों पर निर्वाचन निर्विरोध घोषित किया गया।

### जनगणना पूर्व परीक्षण हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आगामी जनगणना 2027 के पूर्व परीक्षण अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्ष का शुभारंभ जनपद पंचायत कुरई के वीसी रूम, सभा कक्ष एवं मीटिंग हॉल में किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में 87 प्रगणक एवं 14 पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण उप महानिदेशक (जनगणना) विजय कुमार, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरई प्रशांत उइके एवं तहसीलदार कुरई सतीश चौधरी की उपस्थिति व मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# बालपुर छात्रावास अधीक्षक पर शिकंजा कसने की तैयारी, कलेक्टर ने गठित की जांच टीम ने की जांच

## सहायक आयुक्त की कार्य प्रणाली शक के दायरे पर

**घंसौर** / विकासखंड घंसौर के आदिवासी बालक छात्रावास बालपुर में लंबे समय से पदस्थ अधीक्षक रोहित बोपचे के खिलाफ गंभीर आरोपों के बाद सिवनी कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए गुरुवार को जांच दल भेजा। इस टीम में एसडीएम बिशन सिंह गौड़ ,सहायक संचालक और बीआर.सी.सी कमलेश बघेल शामिल रहे। जांच के बाद कलेक्टर स्तर पर अधीक्षक रोहित बोपचे को निलंबित कर हटाए जाने की संभावना जताई जा रही है। ज्ञात होवे की तीन माह से पूर्व जांच होने के बाद भी सहायक आयुक्त जनजाति विभाग लाल जी राम मीणा ने बालपुर छात्रावास अधीक्षक रोहित बोपचे के ऊपर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसकी शिकायत पत्रकारों द्वारा जिला कलेक्टर शीतल पटले से भी की गई थी जिसे जिला कलेक्टर श्रीमती शीतल पटले ने गंभीरता से लिया है ।

सूत्रों के अनुसार, रोहित बोपचे वर्ष 2009 से लगातार छात्रावास में पदस्थ हैं और 15 वर्षों से आदिवासी छात्रों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। आरोप है कि वह छात्रावास में नियमित रूप से नहीं रहते, छात्रों को नाश्ता-भोजन में कटौती करते हैं और कई बार बिना सूचना छात्रावास बंद कर छात्रों को घर भेज देते हैं। 7 सितंबर को प्रभारी मंडल संयोजक रघुवंशा पंद्रे द्वारा औचक निरीक्षण में छात्रावास बंद पाया गया था, जिसमें सभी छात्र और कर्मचारी अनुपस्थित थे। इसके बाद अधीक्षक ने बचाव के लिए स्थानीय निजी स्कूलों के छात्रों की तस्वीरें अधिकारियों को भेजकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार किसी भी अधीक्षक की तीन वर्ष से अधिक एक ही छात्रावास में पदस्थापना नहीं हो सकती, परंतु रोहित बोपचे पिछले 15 वर्षों से पद पर जमे हुए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक ऐसे अधीक्षक को संरक्षण देता रहेगा, जो आदिवासी छात्रों के अधिकारों का खुलेआम दुरुपयोग कर रहा है। जांच टीम द्वारा शीघ्र ही कलेक्टर मैडम को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपगी उसके पश्चात ही कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी ऐसी संभावनाएं जताई जा रही हैं।






## अज्ञात कारणों से लगी से आग मकान जलकर स्वाहा -कोई जन हानि नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

7 नबम्वर 2025 की सुबह भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वर्गीय श्री गौरीशंकर श्रीवास्तव का मकान मे अज्ञात कारणों से लगी आग मकान ओर सम्पत्ति जलकर खाक हुयी-मकान मे निवासरत दिलीप श्रीवास्तव पिता स्वर्गीय सोहन लाल श्रीवास्तव सुबह करीब 4 वजे निस्तार के कारणों से घर के पीछे गये थे तभी मकान मे आग की लपटे देखकर तत्काल इसकी सूचना मोहल्ले पड़ोस को देकर आग बुझाने की हरसम्भंव कोशिश के बाद भी आग नही बुझ पाई, घर के अंदर रखी खाघान्न समाग्री, इलेक्ट्रिक मशीनरी, फर्नीचर सभी जलकर राख हो गये।स्वर्गीय श्री गौरीशंकर श्रीवास्तव पूर्व मंडल अध्यक्ष की मृत्यु के बाद इस मकान मे अकेले दिलीप श्रीवास्तव निवास कर रहे हैं।

## टीकमगढ जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्यवाही करने हेतु सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



गत दिवस अतिथि शिक्षक समन्वय समिति सिवनी के द्वारा टीकमगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्यवाही करने के लिए सिवनी जिले में कलेक्टर के द्वारा मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री और आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें उपस्थित जिला अध्यक्ष सुरेंद्र रघुवंशी जिला सचिव मोहम्मद सलीम खान, जिला कोषाध्यक्ष श्री आनंद कुमार बमनिया, जिला प्रचारक अध्यक्ष श्री प्रकाश चौरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष कुरई अजय वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष धनोरा अरविंद कुमार राय, मोहम्मद अतिकोरहमान, दिलीप कुमार, कमलेश भावरे, पवन चौरे, अभिषेक नायक, मनोज पटेल, वीरेंद्र कुमार किचड़े, इंद्र सिंह नवरेती, अनामिका कटरे, श्रीमती ऋषि पटेल, संतोष वर्मा एवं अन्य अतिथि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। यदि टीकमगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्रवाई नहीं होती है तो, सिवनी जिले में टीकमगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी का पुतला दहन किया जाएगा।

## युवा कांग्रेस संगठन के आदित्य मोंटू भूरा बने जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस संगठन चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस चुनाव में प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई।**



जिला कांग्रेस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सिवनी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद पर आदित्य ;मोंटू भूरा निर्वाचित हुए हैं। उनके साथ युवा कांग्रेस की पूरी नव.निर्वाचित टीम को जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी, केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव राजा बघेल ने हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। घोषित परिणाम के अनुसार जिला युवा कांग्रेस पदाधिकारियों में आदित्य मोंटू भूरा युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष, राहुल उइके जिला उपाध्यक्ष,सागर मरकाम जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति, सुरेंद्र साहू जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, एवं सोहेल खान अमन नगर युवा कांग्रेस पद निर्वाचित घोषित हुये है। विधानसभा क्षेत्रवार पदाधिकारी इस प्रकार है सिवनी विधानसभा अध्यक्ष नितिन डहेरिया, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह जडेजा, बरघाट विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप काकोडिया, उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, केवलारी विधानसभा अध्यक्ष शुभम पटेल, उपाध्यक्ष अंकित बरोदिया एवं लखनादौन विधानसभा अध्यक्ष दुर्गेश नाथ तथ उपाध्यक्ष शरद बैसले निर्वाचित हुये है ।

## गिफ्ट ए डेस्क पहल को मिल रहा निरंतर सहयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिले की नवाचार गिफ्ट ए डेस्क पहल निरंतर प्रभावी रूप से जारी है। इस पहल के माध्यम से विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नागरिक समाज की भागीदारी बढ़ाई जा रही है।

इसी कड़ी में पारुल कुमार जैन एवं प्रमोद कुमार जैन द्वारा लखनादौन एवं धूमा क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों के लिए 110 डेस्क-बेंच भेंट की गई हैं। उनके इस सहयोग से अनेक विद्यालयों के बच्चों को पढ़ाई के लिए सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा।

जिला प्रशासन ने दोनों दाताओं के इस सामाजिक योगदान के लिए आभार व्यक्त किया है तथा जिले के अन्य नागरिकों, संस्थाओं एवं समाजसेवियों से भी गिफ्ट ए डेस्क पहल में सहभागी बनकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में सहयोग देने की अपील की है।

## कौमी एकता विशाल ईनामी दंगल का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न

**छपारा।** जनपद पंचायत छपारा की ग्राम पंचायत गंगई रैयत (भीमगढ़ कॉलोनी) के भगत सिंह खेल मैदान पर आयोजित कौमी एकता विशाल इनामी दंगल का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस इनामी दंगल में देश के विभिन्न राज्यों के पहलवानों ने अपनी ताकत एवं कला का प्रदर्शन किया। दंगल में हजारों की संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही। ढोल नगाड़ों की थाप और देर रात्रि तक दर्शकों के उत्साह पूर्ण जयकारों से मैदान गूंजता रहा। पहलवानों ने एक से बढ़कर एक दाँव पेंच दिखाए। प्रथम इनाम 31000 रुपए कान्हा पहलवान जम्मू ने जीता,दूसरा इनाम 21000 रुपए अंसार पटेल उज्जैन ,तीसरा इनाम 15000 रुपए अमन उज्जैन, चौथा इनाम 11000 रुपए एवं पांचवा इनाम 5000 रुपए आनंद पहलवान भोमाटोला ने जीता। विजेता पहलवानों को अतिथियों द्वारा ईनामी राशि एवं शील्ड प्रदान की गई। उसके पश्चात सिहाब मोहम्मद खान ने छपारा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए समस्त दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष दंगल का आयोजन किया जाएगा आप सभी का सहयोग हमेशा मिलता रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरबंश सिंह, शाहिद पटेल, सदम सिंह बरकड़े (जनपद अध्यक्ष) जयकेश सिंह ठाकुर,गुलाब साहू ,रमेश सिंह चौहान, विकास बघेल कुडारी, डब्लू भाईजान गोरखपुर, सोहेल पटेल ,शिवाकांत सिंह ठाकुर छपारा रमेश उईके,भजन लाल चौकसे भीमगढ़, महेंद्र अवधिया,ठाकुर गोविंद सिंह, रघुनाथ बघेल, तौफीक खान (जनपद सदस्य ) नीलेश मर्सकोले जनपद सदस्य ,हनीफ पटेल, राजू ठाकुर, शादाब खान ,विपिन बघेल, सचिन डहेरिया, आदित्य बघेल, चक्रेश ठाकुर, राकेश ढाकरे, दौलतराम उईके सरपंच,




दंगल समिति के सदस्य - हमीद खान अध्यक्ष, रघुराज उईके अहद खान उपाध्यक्ष ,सचिन डहेरिया शनी परते सचिव, अब्दुल वाहिद खान ,मोहम्मद शेख कोषाध्यक्ष,संचालक - करीम खान खैरी ,हजारीलाल उईके मासाब महलोन ,निर्णायक मंडल - आसिफ पहलवान सिवनी ,जलील पहलवान सुकरी की गरिमामई उपस्थिति रही।

## एस.आई.एस. सिंगरौली द्वारा सुरक्षा कर्मियों के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन 19 नवम्बर तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एस.आई.एस. (सिक्युरिटी एण्ड इंटेलीजेन्स सर्विसेस) इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा कार्यों में रुचि रखने वाले अभ्यर्थियों के पंजीयन एवं प्रशिक्षण उपरांत स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगेकमाण्डेंट, एस.आई.एस. प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली द्वारा शिविर आयोजन हेतु अनुमति मांगे जाने पर पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शिविर आयोजन की अनुमति प्रदान की गई है। जिसमें 20 नवम्बर को थाना सिवनी, 21 नवम्बर को थाना लखनवाडा में, 22 नवम्बर को थाना डूंडासिवनी में, 23 नवम्बर को थाना बंडोल में, 24 नवम्बर को थाना बरघाट में, 25 नवम्बर को थाना कुरई, 10 नवम्बर को थाना अरी, 11 नवम्बर को थाना लखनादौन, 12 नवम्बर को थाना छपारा, 13 नवम्बर को थाना आदेगांव में, 14 नवम्बर को थाना धूमा में, 15 नवम्बर को थाना घंसौर में, 16 नवम्बर को थाना किंदरई में, 17 नवम्बर को थाना धनौरा में, 18 नवम्बर को थाना केवलारी तथा 19 नवम्बर 2025 को थाना कान्हीवाड़ा में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## आचार्य पद आरोहण स्मृतिमहोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सबसे ज्यादा आचार्य पद पर रहने वाले आचार्य हुए हैं श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश में महा समाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सानिध्य में समाधिस्थ परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 55 वे आचार्य पद आरोहण महोत्सव का चतुर्थ चरण 7 नवंबर 2025 को को पूरे विश्व सहित सिवनी में प्रातः काल की बेला में आचार्य श्री की महापूजन ,शास्त्र अर्पण ,पाद प्रक्षालन. सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया, पौधारोपण, जरूरतमंदोंको भोजन,औषधि,वस्त्रदान, मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज आचार्य कुंदकुंद के बाद सबसे ज्यादा समय तक आचार्य पद पर रहे, इस युग की तपस्वी परंपरा में वह अग्रणी थे, भगवान बनने के मार्ग पर चलने वाले इन पथिक का हर पल चेतन और आध्यात्मिक आनंद से भरा हुआ था। उनका जीवन विविध था। उनके विशाल और व्यापक व्यक्तित्व के कई आधार थे और अखिल भारतीय उनके कार्यकलाप का स्थान था।

## कुएं मे 70 वर्षीय वृद्ध का शव मिला

**सिवनी।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले छिंदवाहा ग्राम के एक कुएं से 70 वर्षीय वृद्ध का शव मिला है। यह घटना सुबह लगभग 7:30 बजे सामने आई, जब कुछ ग्रामीण कुएं से पानी लेने गए थे। जानकारी के अनुसार, छिंदवाहा के समीप स्थित कुएं से पानी लेने गए लोगों ने कुएं के अंदर एक व्यक्ति का शव देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद किंदरई पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर भेजा। मृतक की पहचान पिपरिया छिंदवाहा निवासी पन्नालाल तेकाम (70) के रूप में हुई है। पानी लेते समय गिरने की आशंका किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि सूचना मिलने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक अनुमान है कि वृद्ध सुबह पानी लेने कुएं पर गए होंगे और पैर फिसलने से कुएं में गिर गए, जिससे दम घुटने से उनकी मृत्यु हो गई।

## दो बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर, तीन बाइक सवार घायल

**सिवनी।** क्षेत्र अंतर्गत मोहगांव और अहिरवाड़ा ग्राम के बीच गुरुवार देर रात दो बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें तीन बाइक सवार घायल हो गए। एक घायल को जिला अस्पताल सिवनी रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, एक बाइक सवार गंगाटोला ग्राम की तरफ से केवलारी जा रहा था। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार दो लोग पलारी तिगड़ा की तरफ से मोहगांव आ रहे थे। मुनगापार ग्राम के समीप पहुंचते ही दोनों बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में तीनों बाइक सवारों को चोटें आईं है इस हादसे में तीनों बाइक सवारों को सिर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस चालक और सहायक ने एक गंभीर घायल व्यक्ति को बेहोशी की हालत में सिविल अस्पताल केवलारी पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार केबाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल सिवनी रेफर कर दिया। गंभीर घायल व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है। अन्य दो घायल व्यक्तियों की पहचान संतकुमार विश्वकर्मा और तेजेन्द्र भांवरे निवासी ग्राम पलारी तिग्गड़ा के रूप में हुई है, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। केवलारी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने बताया कि उन्हें दो बाइकों की भिड़ंत की सूचना मिली थी और घटनाक्रम की जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके

## हॉकी इंडिया शताब्दी वर्ष, वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष होने एवं खेल महोत्सव का शुभारंभ

**सिवनी।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं माननीय शीतला पटले, कलेक्टर महोदया व माननीय श्री सुनील कुमार मेहता, पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 07 नवंबर, 2025 को हॉकी सिवनी के समन्वय से हॉकी इंडिया के 100 वर्ष पूर्ण होने, सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ एवं वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम सिवनी में प्रातः 09:00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय श्री अजय बाबा पाण्डेय, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, प्रधानमंत्री उत्कृष्ट शासकीय महाविद्यालय सिवनी एवं सांसद खेल महोत्सव विधानसभा सिवनी प्रभारी एवं माननीय श्री आनंद शर्मा, सांसद खेल महोत्सव विधानसभा सिवनी प्रभारी, श्री अभिनव श्रीवास अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं आर्मी कारगिल विजय के वीर चक्र अवार्डी, श्री डी.एल. गौर अध्यक्ष हॉकी सिवनी के द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात विभाग की ओर से माननीय श्री अजय बाबा पाण्डेय जी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का फूलमाला से स्वागत श्रीमती मनु धुर्वे, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सिवनी के द्वारा तथा शेष अन्य उपस्थित अतिथियों का फूलमाला से स्वागत विभागीय कर्मचारियों के द्वारा किया गया। स्वागत उपरांत वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी उपस्थित अतिथियों एवं खिलाड़ी छात्र-छात्राओं के द्वारा "वंदे मातरम्" गीत का गायन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का संक्षिप्त वाचन जिला खेल अधिकारी द्वारा किया गया।

## तिलहन उत्पादन बढ़ाने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने गणेश ऑयल मिल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज ग्राम कारीरात में स्थित गणेश ऑयल मिल पहुँचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिल के संचालक प्रभुदयाल सनोडिया से उनके द्वारा संचालित गतिविधियों एवं उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली।**



कलेक्टर श्रीमती पटले ने क्षेत्र में तिलहन फसलों की संभावनाओं को देखते हुए कृषकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बीज वितरण की सुदृढ़ व्यवस्था की जाए तथा कृषकों को समूह या क्लस्टर बनाकर खेती के लिए प्रेरित किया जाए।

उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार, प्रसंस्करण इकाइयों के विकास और विपणन की दिशा में समन्वित प्रयास किए जाएं ताकि किसानों को अधिक आय का लाभ मिल सके।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) की संभावनाओं पर भी चर्चा की और उद्यमियों को औद्योगिक निवेश की दिशा में प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

### दिसम्बर माह तक शत-प्रतिशत नल कनेक्शन कार्य पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम की बैठक लेकर जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने एकल नल जल योजनाओं के ग्रामवार कनेक्शन की स्थिति का अवलोकन करते हुए दिसम्बर माह तक शत-प्रतिशत नल कनेक्शन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पूर्ण, प्रगतिरत एवं हैंडओवर की जा चुकी योजनाओं के संचालन की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी ट्रायल रन पर चल रही स्कीमों को शीघ्र हैंडओवर की स्थिति में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम गति शक्ति एवं धरती आबा योजना के कार्यों में भी गति लाने हेतु पीएचई एवं जल निगम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही सडक़ों के गुणवत्तापूर्ण रोड रिस्टोरेशन कार्य सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जल निगम द्वारा पूर्ण की जा चुकी झुरकी, सिद्धघाट एवं बंडोल समूह नल जल योजनाओं से जल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली तथा संगमघाट एवं पायली समूह नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पायली समूह नल जल योजना की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों का ग्रामवार पूर्णता योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## जनजाति महानायक बिरसा मुंडा का बलिदान हमारी आदर्श प्रेरणा

भारत के महान जनजातीय नायक धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्षगॉंठ के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान रंगोली, मेहंदी, क्ले माडलिंग, भाषण, प्रश्न मंच और निबंध प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. सविता मसीह ने बताया कि शासन के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 01 से 15 नवंबर तक महान जननायक बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती समापन पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है.

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई. भगवान बिरसा मुंडा और मध्य प्रदेश के जनजातीय नायको की तस्वीरों पर माल्यार्पण किया गया. डॉ. सविता मसीह ने अपने वक्तव्य में कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला. कहा कि बिरसा मुंडा भारत के महान आदिवासी नायक हैं, जिन्होंने



स्वाधीनता प्राप्ति के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये. कार्यक्रम के विशेष वक्ता प्रो सत्येन्द्र शेन्डे ने कहा कि भारत भूमि की आजादी के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने उलगुलान क्रांति का आह्वान किया. कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन-दर्शन और बलिदान हमारे लिए प्रेरणा है. प्रो. गणेश मंतारे ने कहा कि जल, जंगल और जमीन के लिए बिरसा मुंडा ने क्रांति का रास्ता अपनाया. कार्यक्रम के दौरान खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ. जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनु धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में खो-खो प्रतियोगिता संपन्न हुई. मार्गदर्शन के रूप में कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राउर भी उपस्थित रहे भाषण और प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने विशेष रुचि से हिस्सा लिया. क्ले मॉडलिंग में छात्रा रिया बृजवासी ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवंत प्रतिमा बनाकर सबका मन मोह लिया. कार्यक्रम में डॉ. जे नावकर, डॉ सीमा मर्सकोले, डॉ. लीडिया कुमरे , प्रो. गणेश मंतारे, डॉ. चंद्रकला अरमोती, डॉ. ज्योति उइके, स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राउर, डॉ. शिल्पा कौरव, डॉ संतलाल डहेरिया, प्रो दीक्षा पटले, छाया राय, अमितोष सनोडिया सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा. कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर वर्मा ने किया.

## सगे भतीजे और नाती ने मिलकर की हत्या
# 24 घंटे के भीतर डबल मर्डर का हुआ खुलासा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट/कटंगी।

बालाघाट जिले के कटंगी शहर के अर्जुननाला में नट्टी टोला रोड़ में बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात्रि में हुए डबल मर्डर का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। हांके दंपत्ति की गला रेतकर निर्मम हत्या को किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं बल्कि घर-परिवार से जुड़े दो सदस्यों ने मिलकर की। शुक्रवार की शाम साढ़े 04 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय, एसडीओपी विवेक शर्मा, सीएसपी वैशाली कराहलिया ने कटंगी थाने में प्रेसवार्ता कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि रमेश हांके और उनकी धर्मपत्नी पुस्पकला हांके का मर्डर भतीजे दुलीचंद हांके और नाती सचिन हांके दोनों निवासी सुकली थाना तिरोड़ी ने मिलकर किया। पुलिस ने आरोपियों के पास चुराए गए सोने-चांदी के जेवरात जब्त किए है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103 (1), 332 (बी) की कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।



### कर्ज चुकाने की हत्या

पुलिस ने बताया कि दोनों ही आरोपियों पर करीब 04 लाख रुपए का कर्ज था और कर्ज की राशि चुकाने के लिए हत्या और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों को पूर्व से ही पता था कि मृतक के पास काफी मात्रा में नकदी रकम और सोने-चांदी के जेवरात है। आरोपी यह भी जानते थे कि रमेश हांके शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद ब्याज में पैसे देने का व्यापार करते है। इसके अलावा सुकली में पोल्ट्री फार्म भी है। जिसकी देखरेख आरोपी सचिन हांके के द्वारा ही की जाती थी। पुलिस ने यह भी बताया कि सचिन हांके मृतक के घर में करीब 04 वर्षों तक रहकर पढ़ाई कर चुका था इसलिए घर परिवार की वास्तविकता से वह पूरी तरह से अवगत था। आरोपी इस बात से भी वाकिफ थे कि घर में केवल हांके दंपत्ति ही निवास करते है उनके दोनों बेटे नागपुर में जॉब करते है। ऐसे में दोनों आरोपियों ने चोरी और हत्या की प्लानिंग की फिर बेहद आसानी से घर में प्रवेश किया और हत्या करने के बाद




आलमारी से सोने-चांदी के जेवर 15 हजार रुपए नकदी सहित 10 लाख रुपए का मशरूका चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया। पुलिस ने इस पूरी वारदात के बाद करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले, एफएसएल और डॉग स्क्वायड की मदद ली। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेह होने पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उन्होंने जुर्म करना कबूल कर लिया है।

### गाड़ी पंचर होने का बनाया बहाना

पुलिस ने बताया कि आरोपी सचिन ने 05 नवंबर की रात्रि साढ़े 11 बजे रमेश हांके को फोन लगाया और गाड़ी पंचर होने की बात कहीं। रमेश जब घर से बाहर निकले तब दोनों ही आरोपी सुनियोजित तरीके से घर में घुसे जहां उन्होंने सबसे पहले पुष्पकला हांके का चाकू से गला काट दिया और इसके बाद जब रमेश घर लौटे तो उनकी भी गला काटकर हत्या कर दी। दरअसल, पुलिस जांच में यह सामने आया था कि आरोपियों ने घर में प्रवेश करने के लिए किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं थी। यहीं से पुलिस को संदेह हुआ कि वारदात को किसी करीबी ने ही अंजाम दिया है और पुलिस इसी आधार पर जांच कर रही थी। 24 घंटों के भीतर पुलिस को इसमें सफलता भी मिल गई।

### इनका रहा योगदान

इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए 12 टीमें बनाई गई थी जिसमें एफएसएल अधिकारी गौतमा मेश्राम, थाना प्रभारी कटंगी धमेन्द्र कुशराम, उपनिरीक्षक कमलेश यादव, छत्रपाल सिंह, दीपक गौतम, तरुण चौहान, पवन यादव, सहायक उप निरीक्षक सतीश गेडाम, दादूराम पटले, प्रधान आरक्षक प्रशांत चौधरी, आरक्षक आलोक बिसेन, नीरज सनोड़ीbया, विमलेश सिसोदिया, सुमित यादव, हेमंत बघेल, लक्ष्मी प्रसाद बघेल, विकास तोमर, गौतम बघेल, थानसिंह पटले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पति की मृत्यु पर मिली 2 लाख रुपये की बीमा राशि
# प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का उमाबाई को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बाघाटोला लांजी निवासी उमाबाई भाजीपाले को 02 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई। उमाबाई के पति शेषराम भाज़ीपाले का मार्च 2025 को दुर्घटना में निधन हो गया था। शेषराम का जिला सहकारी केंद्रीय बैंक लांजी समिति बीरनपुर में खाता था और उसने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में एक साल के लिए अपना बीमा कराया था। जिससे उसकी पत्नी को इस बीमा योजना का लाभ मिला है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 6 नवंबर को उमाबाई को बीमा राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर पी. जोशी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बालाघाट, राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता बालाघाट, राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी जेएसके बैंक बालाघाट उपस्थित थे।शेषराम भाजीपाले की मृत्यु होने पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित लॉजी के शाखा प्रबंधक एवं नेहा मंडलोई बैंक मुख्यालय ने उसके पत्नी उमाबाई को बीमा राशि दिलाने के लिए तत्परता के साथ प्रयास किया और बीमा कंपनी को सारे दस्तावेज भेज कर दावा राशि स्वीकृत करायी है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट व लॉजी, समिति बिरनपुर के कर्मचारियों, अधिकारियों की संवेदनशीलता के फलस्वरूप इस प्रकरण का निराकरण होकर उमाबाई को 02 लाख रुपये की राशि प्राप्त हो गई है। बीमा योजना की यह राशि उमाबाई के जीवन में पति की कमी को कभी पूरा नहीं कर सकती है, लेकिन उसके दुखों को जरूर कम कर सकती है।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में मात्र 20 रुपये की राशि में एक साल का बीमा होता है। इस बीमा योजना में 18 से 70 वर्ष तक की आयु के लोग अपना बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने वाले व्यक्ति की मृत्यु होने पर बीमा राशि का भुगतान उसके नामांकित व्यक्ति को किया जाता है। इस बीमा योजना के माध्यम से परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है जिससे वे अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

## वितरण केन्द्रों पर बिजली कर्मचारियों की ली गई बैठक

**बालाघाट।** अधीक्षण अभियंता (संसं) वृत्ता म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. बालाघाट अतंर्गत दिनांक 07 नवंबर 2025 को वितरण केन्द्रो दमोह, किरनापुर, कटंगी, सावंगी, बालाघाट (शहर), भरवेली, बैहर बोनकट्टा, उमरी, रजेगांव में सहायक अभियंता/कनिष्ठख अभियंताओं द्वारा समस्तप कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपभोक्ताओं से शत प्रतिशत वसूली कर एरियस को शून्य करने, पी.एम.सूर्य.घर.योजना अंतर्गत सोलर कनेक्शरन की प्रगति बढाने हेतु उपभोक्ताकओं जागरूक करने, इनपुट को नियंत्रित कर सोल्डी यूनिट बढाने, स्था.यी विच्छेलदित बकाया राशि वसूली, व्ही मित्र एप का प्रचार प्रसार करने, मुख्यातलयों में दुघर्टना संभावित स्थिलों को चिन्हित कर सुधार कार्य करवाने एवं विभाग द्वारा प्रचलित समाधान योजना का प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। अधीक्षण अभियता श्री अमित कुमार ने बताया कि म.प्र.सरकार द्वारा बिजली बिल में भुगतान पर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने हेतु 01 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक समाधान योजना लागू की गई है ।

## किसानों के लिए 9 नवंबर पंजीयन की अंतिम तिथि

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर मध्यप्रदेश राज्य में मोटे अनाज मिलेट के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने पहली बार 15 जिलों में समर्थन मूल्य पर कोदो एवं कुटकी की खरीदी करने का निर्णय लिया गया है। इसमें बालाघाट जिला भी शामिल है। समर्थन मूल्य पर कोदो एवं कुटकी की खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 09 नवंबर रखी गई है।

# टेकाड़ी-ला में ग्रामीणों के घर पहुंचने लगा है नल से शुद्ध जल

**जलजीवन मिशन योजना से गांव के सभी 187 घरों में नल से शुद्ध जल पहुंचने लगा**





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय बालाघाट से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लालबर्रा विकासखंड का आदिवासी बाहुल्य ग्राम टेकाड़ी-ला के हर घर में नल से शुद्ध जल पहुंचने लगा है। जल जीवन मिशन की योजना से गांव के सभी 187 घरों में नल कनेक्शन के द्वारा जल पहुंचने से ग्रामीण बहुत खुश है।

ग्राम टेकाड़ी वनों से घिरा हुआ ग्राम है। यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि और मजदूरी करना है। इस गांव में पहले पीने के पानी व दैनिक निस्तार में उपयोग के लिए पानी की व्यवस्था करने में ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण पानी के स्त्रोंत कुएँ, हैण्डपम्प एवं तालाब पर निर्भर थे। लेकिन अब जल जीवन मिशन की योजना से गांव के सभी 187 घरों में नल से शुद्ध जल पहुंचने लगा है। ग्राम पंचायत में नल जल योजना का सुव्यवस्थित संचालन के लिए समिति बनायी गई है और यह समिति जलकर की वसूली भी सुनिश्चित कर रही है।

ग्रामीणों को नल के माध्यम से स्वच्छ एवं शुद्ध जल मिलने से उनके जीवन में सुधार आया है। अब उन्हें जल जनित बीमारियों के होने का खतरा नहीं है। अब ग्रामीणों को पानी के लिए कुएं, हैंडपंप एवं तालाब पर नहीं जाना होता है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम से ग्राम में पानी के समस्या का हल हुआ है और लोग इससे काफी खुश हैं। ग्राम पंचायत टेकाडी ला. के समस्त ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट को जल जीवन मिशन के इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया है।

## डॉ. उन्नति पिछोड़े एवं डॉ. अदिति विधा के परिश्रम व लगन से नेत्र विभाग बना लोकप्रिय
# जिला चिकित्सालय बालाघाट का नेत्र विभाग उत्कृष्ट सेवाओं एवं सुविधाओं के लिए बना रहा है नई पहचान

### हर दिन औसतन 15 नेत्र रोगियों के होते हैं आपरेशन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





नवजात शिशुओं के उपचार के लिए बालाघाट जिला चिकित्सालय की एसएनसीयू आसपास के क्षेत्रों में मशहूर हो चुकी है। समय से पहले जन्में एवं नवजात शिशुओं की बीमारी का उपचार करने में सर्वसुविधा युक्त एसएनसीयू अपनी अलग ही पहचान रखती है। इसी तरह जिला चिकित्सालय बालाघाट का नेत्र विभाग भी अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और सुविधाओं के लिए एक अलग पहचान बना रहा है। जिला चिकित्सालय की दो महिला नेत्र सर्जनों ने अपनी लगन, परिश्रम एवं ईमानदारी से नेत्र विभाग को लोकप्रिय बना दिया है।

जिला चिकित्सालय बालाघाट के नेत्र विभाग की उत्कृष्ट सेवाओं एवं सुविधाओं के कारण हर दिन बड़ी संख्या में नेत्र रोगी उपचार के लिए यहां पहुंचते हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र सर्जन डॉ. उन्न्ति पिछोड़े एवं डॉ. अदिति विधा द्वारा नेत्र रोगियों की जांच कर मोतियाबिंद एवं अन्य आंखों की बीमारी के अन्य आपरेशन किये जाते हैं। यह दोनों युवा नेत्र सर्जन पूरी लगन, परिश्रम एवं सेवाभाव के साथ मरीजों की आंखों की जांच व आपरेशन का कार्य कर रही हैं। इनकी योग्यता, कार्य के प्रति ईमानदारी एवं अच्छे व्यवहार के चलते नेत्र विभाग की ओपीडी में औसतन हर दिन 150 मरीज पहुंच रहे हैं। नेत्र विभाग के आपरेशन थियेटर में हर दिन लगभग 15 मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगियों के आपरेशन किये जाते हैं। जिला चिकित्सालय के नेत्र विभाग में आंखों की जांच एवं चश्में का नंबर बताने के लिए कम्प्यूटर आधारित सभी आधुनिक मशीनें उपलब्ध है। मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए आधुनिक फेको मशीन एवं लेसर आपरेशन की भी सुविधा है।

सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि जिला चिकित्सालय के नेत्र विभाग में मोतियाबिंद एवं आंखों की अन्य बीमारियों के आपरेशन निःशुल्क किये जाते हैं। फेको मशीन से प्रायवेट अस्पताल में मोतियाबिंद का आपरेशन कराने पर कम से कम 20 हजार रुपये का खर्च आता है। लेकिन जिला चिकित्सालय बालाघाट में यही आपरेशन मुफ्त में हो जाता है और मरीज को इसके लिए कोई राशि नहीं देना होता है। यहां की सुविधायें भी किसी प्रायवेट अस्पताल से कम नहीं हैं। आपरेशन के बाद भी नेत्र विभाग में मरीजों का फालोअप लिया जाता है।

## नक्सल प्रभावित ग्राम बेलगांव में अवैध शराब पकडने का मामला
# सवालों के घेरे में अवैध शराब पर लांजी पुलिस की कार्यवाही!
### तीन आरोपितों को पकडने के बाद एक पर ही किया गया अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज लांजी।

क्षेत्र में लगातार अवैध शराब के कारोबार को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही है और पुलिस पुलिस शिकायतें मिलने पर कार्यवाही भी कर रही है। परंतु पुलिस की इन्हीं कार्यवाही को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। ताजा मामला लांजी थाना अंतर्गत देवरबेली पुलिस चौकी के ग्राम बेलगांव में सामने आया है जहां पुलिस द्वारा अंग्रेजी शराब की बोतले जप्त कर कार्यवाही की गई है। प्रकरण के संबध में पुलिस जानकारी अनुसार देवरबेली पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी की ग्राम बेलगांव के सलीम बेग द्वारा अवैध शराब का कारोबार किया जाता है सूचना के आधार पुलिस के द्वारा बेलगांव चौक स्थित सलीम पिता स्व. मजीद बेग उम्र 42 वर्ष बेलगांव निवासी होना बताया गया जिसके पास रखे कार्टून या बक्से के बारे में पूछताछ करने पर अंग्रेजी शराब होना बताया। बाक्स को खोलने पर ब्लैक फोर्ट बीयर के 14 नग प्रत्येक 500 एम एल, मेकडॉवल व्हिस्की के 3 पाव, जीनियस के 18 पाव जिनकी कुल कीमत 4 हजार 760 रूपये आंकी गई है। उक्त आरोपी से शराब रखने के वैध दस्तावेज मांगे गये जो व्यक्ति ने नही दिखा पाया पुलिस के द्वारा बक्से मे रखी हुई शराब को जप्त कर आरोपी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्यवाही की गई। तथा आरोपी सलीम बेग के विरूद्ध अपराध क्रमांक 284/25 धारा 34-1 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, दर्शाया गया है।

**तीन आरोपितो के यहां से पकड़ी गई थी शराब:** परंतु जानकारी अनुसार ग्राम बेलगांव में देवरबेली पुलिस द्वारा तीन व्यक्तियों के यहां दबिश दी थी जिनके यहां से क्रमशः धनीराम राउतकर लगभग 40 पाव अंग्रेजी शराब, महाराष्ट्र की 15 केन बीयर, सलीम बेग 18 पाव, 14 केन बीयर तथा सरेलाल पांचे के पास 12 पाव अंग्रेजी शराब के पकड़े गये थे। परंतु पुलिस द्वारा तीन आरोपितों पर अपराध पंजीबद्ध न करते हुए सिर्फ सलीम बेग नामक युवक के उपर अपराध कायम कर अवैध शराब की जब्ती दिखाई है वहीं दो अन्य आरोपितों से पकड़ी गई शराब का कहीं भी उल्लेख नहीं है जो पूरे ग्राम में चर्चा का विषय बना हुआ है। उल्लेखनीय है की वर्तमान में मंडई मेलो का दौर भी प्रारंभ है जहां पर शराब ठेकेदारों के द्वारा पयकारो तक शराब की तस्करी की जा रही है। जिस पर पुलिस द्वारा लेन देन करके मामले को दर्ज करने या नहीं करने का कार्य किया जाता है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लग पाना संभव नहीं है।



**नंदोरा शराब दुकान से रोजाना होती है अवैध शराब की सप्लाई:** सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नक्सल प्रभावित ग्राम नंदोरा से सोम कंपनी के मैनेजर प्रेमसिंग द्वारा लगातार ग्रामीण अंचलों में अवैश शराब सप्लाई की जा रही है। साथ ही इन ग्रामों के युवाओं को बहकाकर उन्हें शराब के अवैध व्यापार में घसीटा जा रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं का नशे के व्यापार के प्रति ज्यादा रूपये कमाने के लालच में रूझान बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में पुलिस को पूरी जानकारी है परंतु चढ़ोत्तरी मिलने के कारण नंदोरा शराब दुकान से होने वाली अवैध शराब की सप्लाई पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है।

**25 साल से ज्यादा समय से कर रहा धनीराम शराब का अवैध व्यापार:** सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बेलगांव निवासी धनीराम राउतकर पिछले 25 वर्षों से ग्राम बेलगांव में अवैध शराब के व्यापार के लिये विख्यात है। जिस पर अब तक लगभग दो दर्जन से अधिक मामले भी दर्ज किये जा चुके है वहीं धनीराम राउतकर शराब मामले में छत्तीसगढ़ राज्य में जेल की सजा भी काट चुका है। वहीं धनीराम के अवैध शराब के व्यापार का विरोध करने पर हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी देता है। इसके साथ ही घटना दिनांक को धनीराम के पास से पुलिस को लगभग 1 लाख से अधिक का माल बरामद हुआ था परंतु 30 हजार के लेन देन पर मामला वहीं दबा दिया गया।

## 10 नवंबर तक खरीदी केन्द्र में उपलब्धक सुविधाओं का सत्यापन करें
# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए उपार्जन समिति की हुई बैठक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में 07 नवंबर को जिला उपार्जन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान सभी केन्द्रों पर कड़ी निगरानी और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में निर्धारित अंतिम तिथि 06 नवंबर तक जिले के कुल 01 लाख 30 हजार 38 किसानों का समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन किया गया है। इन किसानों के धान का रकबा 01 लाख 76 हजार 918 हेक्टेयर है।



बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने समर्थन मूल्य पर कोदो एवं कुटकी के उपार्जन के लिए अंतिम तिथि 09 नवंबर तक अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिये। इस दौरान बताया गया कि जिले के कोदो एवं कुटकी की फसल लगाने वाले 336 किसानों का पंजीयन कर लिया गया है। इन किसानों द्वारा 468 हेक्टेयर क्षेत्र में कोदो एवं कुटकी लगाई गई है। कलेक्टर श्री मीना ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए निर्धारित 134 केन्द्रों का निर्धारण कर केंद्रों पर सतत निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने, किसानों के लिए बैठक व छाया व्यवसथा, पेयजल की व्यवस्था, केन्द्र पर इंटरनेट की सुविधा एवं बिजली के बेकअप की सुविधा का इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों पर शासन के मापदंड के अनुसार बुनियादी सुविधायें उपलब्ध होना चाहिए। खरीदी केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं नमी मापक यंत्र व तौलकांटा आदि का सत्यापन कार्य 10 नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली धान की मिलिंग के लिए मिलर्स से समय पर अनुबंध कराने के निर्देश दिये गये।

बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर, सहायक संचालक कृषि श्री राजेश खोब्रागड़े, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ श्री पी जोशी, उपायुक्त सहकारिता श्री राजेश उईके एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण का हुआ समापन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन तथा अग्रणी जिला प्रबंधक के सहयोग से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में 07 नवंबर को जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर (लघु उद्यमी) के 35 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले के बेरोजगार युवाओं को ब्यूटी इंडस्ट्री में कौशल विकास एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए गए। प्रशिक्षण के दौरान सभी 35 प्रशिक्षणार्थियों ने ब्यूटी पार्लर संचालन से जुड़े विभिन्न आवश्यक कौशलों का अधिग्रहण किया। इनमें डिजिटल स्किल्स जैसे डिवाइस ऑपरेशन, इंटरनेट सेफ्टी एवं साइबर सिक्योरिटी,ब्यूटी इंडस्ट्री का इतिहास, करियर विकल्प, सैलून हाइजीन एवं सेफ्टी,हेयर कलरिंग की तकनीकें एवं विचारणीय बिंदु, क्रीम्स, केमिकल्स का डेमोंस्ट्रेशन एवं प्रैक्टिस, स्पा थेरेपी/ट्रीटमेंट, सैलून मैनेजमेंट, ऑपरेशंस, मार्केटिंग एवं प्रमोशन स्ट्रैटेजी शामिल थे।

## 6 अधिक जवान मलेरिया से बीमार

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात सीआरपीएफ और हॉकफोर्स के आधा दर्जन से अधिक जवान मलेरिया से बीमार हो गए हैं। इन सभी जवानों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत में सुधार हो रहा है। नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों को दोहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर उन्हें नक्सलियों से निपटना होता है, वहीं दूसरी ओर जंगली इलाकों में मच्छर और मधुमक्खी जैसे कीटों के हमले से वे बीमार पड़ रहे हैं। यह घटना दक्षिण बैहर क्षेत्र की है, जहां पुलिस चौकी के साथ-साथ हॉक फोर्स, सीआरपीएफ और कोबरा जवानों के कैंप स्थापित हैं। यह इलाका घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा हुआ है। नक्सलियों की सूचना पर जवानों को अक्सर लंबी दूरी तक सर्चिंग अभियान पर जाना पड़ता है, जहां उन्हें भूख-प्यास के साथ-साथ मच्छरों के प्रकोप का भी सामना करना पड़ता है। हाल ही में, सर्चिंग के दौरान मधुमक्खी के काटने से कुछ जवानों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब शुक्रवार को, आधा दर्जन से अधिक जवानों को मलेरिया के लक्षण पाए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है। डॉ. निलय जैन ने बताया कि दक्षिण बैहर क्षेत्र के कई गांवों में भी मलेरिया का प्रकोप है, जिससे ग्रामीण भी प्रभावित हो रहे हैं।